"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 494] रायपुर, सोमवार, दिनांक 20 नवम्बर 2017 —— कार्तिक 29, शक 1939

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग
दाऊ कल्याण सिंह भवन (पुराना मंत्रालय) के समीप, रायपुर

रायपुर, दिनांक 20 नवम्बर 2017

आदेश

क्रमांक-एफ-54-08/तीन (दो) न. पा./समय कार्यक्रम/2017/3686 .—— भारत के संविधान के अनुच्छेद 243यक सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) एवं नगरपालिका निर्वाचन नियम-1994 के नियम 11क द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 36 (2) (क) तथा 37 (1) एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 21 की अपेक्षा अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा परिशिष्ट में दर्शित नगरपालिकाओं (नगरपालिका परिषद् एवं नगर पंचायत) के पार्षद के रिक्त पदों की पूर्ति के लिये उपनिर्वाचन हेतु निर्वाचन की समय अनुसूची (कार्यक्रम) निम्नानुसार विहित करता है :-

क्र. (1)		कार्यवाही (2)	नियम (3)	निर्धारित तारीख (4)	समय (5)
1.	(i)	निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन	21	29-11-2017 बुधवार	पूर्वान्ह 10.30 बजे
	(ii)	नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रारंभ तारीख	21	29-11-2017 बुधवार	पूर्वान्ह 10.30 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक.
	(ii)	स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन	22-क	29-11-2017 बुधवार	प्रात: 10.30 बजे
	(iv)	मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन	16	29-11-2017 बुधवार	प्रात: 10.30 बजे

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2.	नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख	21(क)	06-12-2017 बुधवार	अपरान्ह 3.00 बजे तक
3.	नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) करने की तारीख	21(ख)	07-12-2017 गुरुवार	पूर्वान्ह 10.00 बजे से
4.	अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख	21(ग)	09-12-2017 शनिवार	अपरान्ह 3.00 बजे तक
5.	निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना और निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन	31, 32	09-12-2017 शनिवार	अभ्यर्थिता वापसी के बाद
6.	मतदान (यदि आवश्यक हो)	21(घ)	20-12-2017 बुधवार	प्रात: 8.00 बजे से अपरान्ह 5.00 बजे तक
7.	मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा	21(ङ), 74	23-12-2017 शनिवार	प्रात: 9.00 बजे से

हस्ता./-
(जिनेविवा किंडो)
सचिव.

परिशिष्ट

क्र. (1)	जिला (2)	नगरपालिकाओं के नाम (3)	वार्ड क्रमांक (4)
1.	सूरजपुर	नगरपालिका परिषद् सूरजपुर	11
		नगर पंचायत प्रतापपुर	8
2.	बलरामपुर	नगर पंचायत राजपुर	15
3.	गरियाबंद	नगर पंचायत फिंगेश्वर	1, 15
4.	बालोद	नगर पंचायत डौण्डी	14, 15
		नगर पंचायत चिखलाकसा	1, 14, 15
		योग :-	10

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2017.